प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा मे,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–अलीगढ़ ।

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/अलीगढ़ मण्डल/2020–21 8063 दिनांक 16.03.2021

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स/समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई./2020–21/18/2192–2 दिनांक 06.08.2020 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 08–10 मार्च, 2021 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–अलीगढ़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराया गया भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी एवं उपमहाप्रबन्धक कम्यूनिटी प्रोसेस एवं मण्डलीय नोडल अधिकारी–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, अलीगढ़ मण्डल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया

Aparna U.

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2020–21 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, अलीगढ़। ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ़ मण्डल।
3. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, अलीगढ़ मण्डल।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोर्डीनेटर, अलीगढ़।

/

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–अलीगढ़।

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/अलीगढ़ मण्डल/2020–21 दिनांक 16.03.2021

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स/समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई./2020–21/18/2192–2 दिनांक 06.08.2020 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 08–10 मार्च, 2021 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–अलीगढ़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराया गया भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी एवं उपमहाप्रबन्धक कम्यूनिटी प्रोसेस एवं मण्डलीय नोडल अधिकारी–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, अलीगढ़ मण्डल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया

/

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2020–21 8063-5 तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, अलीगढ़। ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ़ मण्डल।
3. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, अलीगढ़ मण्डल।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोर्डीनेटर, अलीगढ़।

Aparna. U.

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

# पर्यवेक्षण आख्या जनपद–अलीगढ़
# भ्रमण दिनांक 08–10 मार्च, 2021

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्ड.ई. / 2020–21 / 18 / 2192–2 दिनांक 06.08.2020 एवं महाप्रबन्धक, एम0एण्डइ0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्ड.ई. / 2020–21 / 18 / 6826 दिनांक 02.02.2021 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 08–10 मार्च, 2021 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–अलीगढ़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

टीम के सदस्य –

1. मो0 अताउर रब, उपमहाप्रबन्धक, कम्यूनिटी प्रोसेस, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम.।
2. जमाल अहमद, कार्यक्रम समन्वयक, जनसूचना, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम.।

**समीक्षा बैठक**

दिनांक 08.03.2021 को मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वाथ्य एवं परिवार कल्याण, अलीगढ़ मण्डल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के अन्तर्गत संचलित कार्यक्रम के अन्तर्गत अलीगढ़ जनपद के समस्त ब्लॉकों का पृथक पृथक एफ.एम.आर. के अनुसार वित्तीय समीक्षा की गई। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई, एवं उसके कार्यान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

- आशा इन्सेन्टिव का भुगतान लम्बित है, तो उसका नियमानुसार अतिशीघ्र भुगतान किया जाए।
- बी0एम0डब्ल्यू से सम्बन्धित एजेंसी का लम्बित भुगतान, अनुबन्ध में उल्लेखित नियामानुसार अतिशीघ्र किया जाए।
- अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के अन्तर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तर के वाहनों के बीजकों का भुगतान नियमानुसार किया जाए एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए की भ्रमण करने वाले अधिकारी द्वारा चेक लिस्ट एवं भ्रमण रिपोर्ट सक्षम स्तर के अधिकारी को प्रेषित किया गया हो।
- बैठक में अवगत कराया गया कि आशा संगिनी, प्रोत्साहन धनराशि (रू 1250 / –) आशा बीमा, आशा साड़ी, सी बैक फार्म मुद्रण, एच.डब्ल्यू. सी. आदि मदों में व्यय अत्यन्त कम पाया गया।
- जनपद में कार्यरत समस्त सी0एच0ओ0 को एच.डब्ल्यू.सी. की दैनिक व मासिक रिपोर्टिंग एवं बैलेंस गतिविधियों की रिपोर्ट, एन.सी.डी. स्क्रिनिंग कराये जाने हेतु समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया।
- आशा सम्मेलन के आयोजन हेतु राज्य स्तर से प्रेषित किये गये संशोधित दिशा निर्देश पर चर्चा की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ द्वारा टीम को आश्वस्त किया गया कि टीम द्वारा उपलब्ध कराये गए रिपोर्ट के आधार पर समस्त गैप्स को जल्द ही दूर करा दिया जाएगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–छर्रा, गंगीरी ब्लॉक

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, छर्रा, अलीगढ़ जनपद का एफ.आर.यू. है, परन्तु एफ.आर.यू. के रूप में कियाशील नहीं है। स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं एनेस्थिसिया के चिकित्सक की तैनाती यहां नहीं की गई है। ब्लड स्टोरेज यूनिट भी नहीं है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र का प्रत्येक माह डिलिवरी लोड 350–400 है। केवल तीन स्टॉफ नर्स के द्वारा ही डिलिवरी करवाया जा रहा है।<br>• केन्द्र पर कोई भी स्टॉफ नर्स एस0बी0ए0 ट्रेण्ड नहीं हैं एवं यहां किसी नर्स मेंटर्स की भी तैनाती नहीं की गई है।<br>• प्रसव कक्ष में उपयोग में लाए जा रहे चारों प्रसव मेज़ पर रखे Kelis Pad पंक्चर पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में प्रोटोकॉल पोस्टर नहीं थे एवं डिजिटल वाल क्लॉक नहीं लगी थी।<br>• लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Sleeper, Mask आदि की व्यवस्था नहीं की गई है<br>• कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• सामान्य प्रसव वाले अधिकतर लाभार्थी 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• प्रसव कक्ष में स्थापित एक Radiant Warmer खराब पाया गया।<br>• 03 ऑटोक्लेव में से एक खराब पाया गया, साथ ही कोई भी स्टाफ वहां पर ऑटोक्लेव के संचालन हेतु प्रशिक्षित नहीं पाये गए। | प्रसव कक्ष के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यरत स्टाफ नर्स, एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, छर्रा को सुझाव दिया गया।<br><br>कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, छार्रा, अलीगढ़।<br><br>प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, छर्रा, एवं नोडल अधिकारी, एन0एच0एम0 अलीगढ़।<br><br>ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, छर्रा, अलीगढ़। |

| | | |
|---|---|---|
| • प्रसूता के डिस्चार्ज से पूर्व नवजात बच्चों को बी0सी0जी0, ओ0पी0वी. एवं हेपटाईटिस बी0 की जन्म वाली खुराक दी जा रही है।<br>• वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु जे0एस0वाई0 लाभार्थी 4461 के सापेक्ष केवल 3212 लाभार्थियों का ही भुगतान किया गया है।<br>• PMMVY कार्यक्रम के अन्तर्गत 6554 लाभार्थियों में से केवल 5430 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है।<br>• वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रथम चरण में केवल 1379, द्वितीय चरण 1367 एवं तृतीय चरण हेतु केवल 1014 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया है, जबकि 181 लाभार्थी Correction que में पाये गए।<br>• अग्निशामक यंत्र लगा है परन्तु अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी अधिकारी/कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | शेष लाभार्थियों का भुगतान अतिशीघ्र कराने हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी को सुझाव दिया गया।<br><br>निकट के अग्निशामक कार्यालय से सम्पर्क कर प्रशिक्षण कराय जाना अपेक्षित है। | |
| • औषिधि का भण्डारण ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है। भण्डारण हेतु उपलब्ध कमरा संख्या–13 एवं 12/बी में से 12/बी में दवाओं के कार्टन आईरन रेक नहीं होने के कारण जमीन पर रखे थे।<br>• भ्रमण के दौरान चीफ फार्मासिस्ट द्वारा अवगत कराया गया कि, अधिकतर Anti Biotic स्टॉक में उपलब्ध नहीं है, साथ में यह भी अवगत कराया गया कि Plaster of Paris अधिक मात्रा में उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि चिकित्सालय पर किसी भी Orthopedic Surgen की तैनाती नहीं होने के कारण इसका उपयोग नहीं हो रहा है। | चीफ फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि औषधि के भण्डारण हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, छर्रा से समन्वय स्थापित कर रैक क्रय करें। एवं Plaster of Paris को वापस करायें।<br><br>मुख्य चिकित्साधिकारी अलीगढ़ को इस सम्बन्ध में आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही हेतु सुझाव दिया गया। | नोडल आर0बी0एस0के0 एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, अलीगढ़। |
| • केन्द्र पर स्थित टी0बी0 लैब में मरीज़ों से लिए गए सैपल टैरिस पर खुले स्थान एवं धूप में रखा जा रहा है। | लैब में कार्यरत एल0टी0 को सुझाव दिया गया कि सैपल को सुरक्षित तरीके से रखने हेतु एक कक्ष का निर्माण/ | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, छर्रा |

| | | |
|---|---|---|
| | स्थान बनवाने हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करें। टीम द्वारा भी प्रभारी चिकित्साधिकारी को लैब के करीब उपलब्ध स्थान पर एक कक्ष के निर्माण कराने हेतु सुझाव दिया गया। | |
| • पांच वर्ष तक के आयु के बच्चों के Diarrhoea एवं Pneumonia से सम्बन्धित कोई रिकार्ड नहीं पाया गया। | | |
| • केन्द्र पर एक दंत चिकित्सक एवं एक डेंटल हाईजिनिस्ट की तैनाती की गई है, परन्तु डेन्टल चेयर उपलब्ध नहीं है। | दंत चिकित्सक को सुझाव दिया गया कि डेन्टल चेयर क्रय किये जाने हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, छर्रा से समन्वय स्थापित करें। | |

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र) बरला, गंगीरी ब्लॉक

- 6747 जनसंख्या को सेवायें दे रहे, चार शय्या वाला हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र) बरला सरकारी भवन में स्थित है।
- इस हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के अन्तर्गत एक चिकित्साधिकारी, एक फार्मासिस्ट, एक ए0एन0एम0 एवं 06 आशायें कार्यरत हैं।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर बरला पर संस्थागत प्रसव का प्राविधान है।
- केन्द्र पर कुल 04–05 प्रकार की Diagnostic Test की सेवा ए.एन.एम. द्वारा दी जा रही हैं।
- 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है।
- Power Backup की व्यवस्था नहीं है।
- इस सेन्टर पर अभी OPD की सेवायें दी जा रही हैं।
- वेलनेस रूम का चयन नहीं किया गया है।
- प्रथमिक चिकित्सा केन्द्र पर हाईपरटेंशन की दवा उपलब्ध नहीं थी।
- एन.सी.डी. स्क्रिनिंग एवं ट्रीटमेंट हेतु एन.सी.डी. पोर्टल पर ऑन लाईन अपडेट नहीं किया जा रहा है।
- योगा एवं अन्य वेलनेस गतिविधियों हेतु कोई कार्ययोजना उपलब्ध नहीं पाई गई।

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) भावीगढ़, अतरौली ब्लॉक

- 8057 जनसंख्या को सेवायें दे रहे, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) भावीगढ़, अतरौली ब्लॉक, सरकारी भवन में स्थित है।
- इस हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के अन्तर्गत एक सी0एच0ओ0, एक ए0एन0एम0 एवं 08 आशायें कार्यरत हैं।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर भावीगढ़ पर संस्थागत प्रसव का प्राविधान नहीं है।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर कुल 08 प्रकार की Diagnostic Test की सेवा उपलब्ध पाई गई।
- 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है।
- Power Backup की व्यवस्था नहीं है।
- इस सेन्टर पर अभी OPD की सेवायें दी जा रही हैं।
- प्रोटोकॉल पोस्टर पाए गए।
- एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग की जा रही है, एवं उसकी इन्ट्री भी एन.सी.डी. पोर्टल पर की जा रही है।
- ई–संजीवनी Tele Consultation के माध्यम से मरीज़ों को सी0एच0ओ0 द्वारा चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है, परन्तु 09 मार्च 2021 को कोई भी Consultation नहीं लिया गया।
- आशा, ए.एन.एम. एवं सी.एच.ओ. की एन.सी.डी. ट्रेनिंग हो चुकी है।

## हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) चन्दौला सुजानपुर, अतरौली ब्लॉक

- 12000 जनसंख्या को सेवायें दे रहे, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) चन्दौला सुजानपुर, अतरौली ब्लॉक, सरकारी भवन में स्थित है। महिला एवं पुरूष हेतु पृथक से शौचालय की व्यवस्था है। योगा सत्र हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध है।
- इस हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के अन्तर्गत एक सी0एच0ओ0, एक ए0एन0एम0 एवं 13 आशायें कार्यरत हैं।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर चन्दौला सुजानपुर पर संस्थागत प्रसव का प्राविधान नहीं है।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर कुल 07 प्रकार की Diagnostic Test की सेवा उपलब्ध पाई गई।
- HT एवं DB की दवायें उपलब्ध थी।
- 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है।
  Electricity Connection नहीं था और न ही Power Backup की कोई व्यकल्पिक व्यवस्था की गई है।
- इस सेन्टर पर अभी OPD की सेवायें दी जा रही हैं।
- प्रोटोकॉल पोस्टर पाए गए।
- एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग की जा रही है, एवं उसकी इन्ट्री भी एन.सी.डी. पोर्टल पर की जा रही है।

- ई–संजीवनी Tele Consultation के माध्यम से मरीज़ों को सी0एच0ओ0 द्वारा चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है, परन्तु 09 मार्च 2021 को कोई भी Consultation नहीं लिया गया।
- आशा, ए.एन.एम. एवं सी.एच.ओ. की एन.सी.डी. ट्रेनिंग हो चुकी है।

**वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां)**
**प्राथमिक विद्यालय, सोमना, चण्डौस, ब्लॉक**

- ग्राम सोमना में चल रहे वी0एच0एन0डी0(सामुदायिक गतिविधियां) सत्र के दौरान ए0एन0एम0 सुश्री सुनीती संत, आशा सुश्री चंचल, एवं आंगनबाड़ी सहायिका सुश्री बन्नों उपस्थित थीं।
- वी0एच0एन0डी सत्र पर बैनर लगे थे। परन्तु सही स्थान पर नहीं लगाया गया था।
- वी0एच0एन0डी टीम द्वारा आई0पी0सी0 नहीं की जा रही थी।
- सत्र के दौरान पाया गया कि टीकाकरण हेतु केवल चार लाभार्थी ही पंजीकृत हैं। टीम द्वारा भ्रमण के समय कोई भी लाभार्थी का टीकाकरण अथवा अन्य सेवाएं नहीं दी गई थी।
- ए0एन0एम0, आशा द्वारा कोई भी कुपोषित बच्चों को चिन्हित नहीं किया गया था।
- ए0एन0एम0/आशा के पास आवश्यक लाजिस्टिक उपलब्ध थी, परन्तु गर्भवती महिलाओं के जांच हेतु अलग से व्यवस्था(टेबल व पर्दा) नहीं की गई थी तथा लाभार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं थी।
- टीम द्वारा आशा के साथ गर्भवती महिला के घर का भ्रमण किया गया एवं आई0पी0सी0 कर उसे चल रहे सत्र पर लाकर पंजीकृत करा आवश्यक सेवाएं दिलाई गई।
- टीम द्वारा एक स्तनपान करा रही महिला/किशोरी/06 माह से 02 वर्ष तक के बच्चे एवं क्षय रोग से ग्रस्त लाभर्थी के घर का भ्रमण किया गया।
- किशोरियों से वार्तालाप के उपरान्त ज्ञात हुआ कि आशा द्वारा उन्हें स्वास्थ्य एवं सफाई सम्बन्धित जानकारी नहीं दी गई है।
- क्षय रोग से ग्रस्त लाभार्थी किसी कार्य से बाहर गया हुआ था।
- स्तनपान करा रही महिला द्वारा बताया गया कि प्रसव जटिलता के कारण उसका प्रसव निजि अस्पताल में कराया गया था। जिस कारण जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत मिलने वाली सुविधा का लाभ प्राप्त नहीं हो सका।

जमाल अहमद,
कार्यक्रम समन्वयक,

मो0 अतीउर रब,
उपमहाप्रबन्धक, सी0पी0,